हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री


14 कोंडागांव में निक्षय निरामय अभियान 2.0 का शुभारंभ


14 फौती नामांतरण व बंटवारा प्रकरणों ...



## खबर संक्षेप

### कापसी में रामनवमी का पर्व मनाया गया



पखांजूर। कापसी क्षेत्र में रामनवमी का पावन पर्व इस वर्ष बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के दर्शन कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। महाप्रसाद वितरण के दौरान भाजपा युवा मोर्चा से आकाश सरकार, आकाश पोद्दार, राहुल पाल, रोहित साहा , सौमित्र डे, आकाश साना, काला दास, राहुल हालदार, सूरज मिस्त्री, आदि उपस्थित रहें।

### घायल की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर**। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आसुरखार निवासी 40 वर्षीय भारत गावड़े पिता नरसिंह गावड़े का इलाज के दौरान 19 मार्च को रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। चोट गंभीर होने की वजह से उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवती ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। बड़गांव थानांतर्गत ग्राम जवाहर खेड़ेगांव में युवती ने चुनरी से फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी 19 वर्षीय खेमिन नरेटी ने 25 मार्च को अज्ञात कारणो के चलते घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बंजारी मंदिर में आज भंडारे का आयोजन

**दुर्गुकोंदल**। गोयल ग्रुप द्वारा श्रद्धा और भक्ति के साथ आदिशक्ति मां बंजारी देवी के आशीर्वाद से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है। यह धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन 27 मार्च शुक्रवार को बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में आयोजित होगा। भंडारे का शुभारंभ दोपहर 12 बजे से किया जाएगा, जिसमें भक्तजन प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। आयोजन का उद्देश्य समाज में श्रद्धा, एकता और सेवा भाव को बढ़ावा देना है।

### भस्कली नदी पर पोकलेन सील, हाईवा जब्त

**जगदलपुर**। जिले के खनिज अमले ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई की है। 26 मार्च को तहसील बकावंड के ग्राम बेलगांव और बनियागांव क्षेत्र में खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में जांच दल ने छत्तीसगढ़ और ओड़िशा भस्कली नदी पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध कार्य में संलिप्त एक पोकलेन मशीन को सील कर दिया गया। वहीं रेत परिवहन में लगे एक हाईवा को जप्त कर नगरनार थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है। इस पूरी कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी जागृत गायकवाड़, सिपाही डिकेश्वर खरे सहित टीम के सदस्य महादेव सेठिया, सीताराम और कृष्णा मौजूद रहे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण में नियमानुसार कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए खनिज अमले द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा।

# अष्टमी पर माँ शीतला मंदिर में मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने हवन में आहुतियां डालीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

अलग खबर

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर 26 मार्च को दुर्गाष्टमी के दिन नगर के प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र माँ शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही भक्तजन माता के दर्शन और पूजन के लिए लंबी कतारों में खड़े नजर आए। मंदिर परिसर पूरी तरह भक्ति भाव से ओतप्रोत दिखाई दिया, जहां हर ओर जयकारों और मंत्रोच्चारण की गूंज सुनाई दे रही थी। दुर्गाष्टमी के विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति द्वारा जन-कल्याण और विश्व शांति की कामना के साथ भव्य हवन-पूजन का आयोजन किया गया। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में माता शीतला का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसमें उन्हें आकर्षक वस्त्र और फूलों से सजाया गया। इसके पश्चात पुरोहितों के सानिध्य में विधि-विधान से वेदी पूजन कर हवन की शुरुआत की गई। हवन के दौरान जैसे ही अग्नि में आहुतियां अर्पित की गईं, पूरा मंदिर परिसर मंत्रों की पवित्र ध्वनि से गूंज उठा। घी, गुग्गुल, कपूर और विभिन्न औषधीय जड़ी-बूटियों की सुगंध से वातावरण अत्यंत शुद्ध और आध्यात्मिक हो गया। श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ हवन में शामिल हुए और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा मंगल कामनाओं के लिए प्रार्थना की। मंदिर ⏭ शेष पेज 15 पर

## पूजन के लिए लंबी कतार लगी, घंटों की प्रतीक्षा के बाद मां का दर्शनलाभ लिया

### मंदिर में आज कन्या भोज के बाद होगा भंडारा

शीतला मंदिर परिसर में नौ कन्याओं को देवी का रूप मानकर आज उनके पैर पखारे जाएंगे और उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सुरुचिपूर्ण भोजन कराया जाएगा। श्रद्धालुओं ने कन्याओं का आशीर्वाद लिया और उन्हें भेंट स्वरूप उपहार वितरित किया जाएगा। दोपहर बाद मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



### भक्तों की अटूट श्रद्धा

मान्यता है कि अष्टमी के दिन माँ शीतला के दरबार में हवन करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ने बताया कि, /"हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि में भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। विशेष रूप से अष्टमी पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुचारू रूप से पूजन संपन्न कराया गया।

## एक दिन पहले कंपनी नंबर 05 की स्वरूपा भतीजे के साथ पहुँची थी एसपी आफिस

# आरकेबी डिवीजन के 5 नक्सलियों ने अंततः कांकेर आकर डाले हथियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कंपनी नंबर 05 की स्वरूपा उसेडी और आरकेबी डिवीजन के मोहला-मानपुर-औंधी संयुक्त एरिया कमेटी के पांच नक्सली एसीएम मंगेश पोडियमी, एसीएम गणेश वीके, एसीएम मंगती जुर्री, एसीएम हिडमे मरकाम उर्फ सुनीता, एसीएम राजे एक साथ 22 मार्च को ओटेकसा में सुरेश मंडावी के घर में भोजन किया और उसके उपरांत 23 मार्च को मानपुर जिले के ग्राम परलझरी के राजूराम ध्रुव को नक्सलियों ने सुरेश के घर बुलाया और कहा कि स्वरूपा को ले जाओ और इसे इसके रिश्तेदार तक पहुँचा देना। परलझरी के राजूराम ध्रुव स्वरूपा को 23 मार्च की अंधेरा होने के बाद लगभग 7 से 8 बजे के मध्य लाकर अपने घर में रखा। मैने उसके भतीजा तुकेश को फोन करके बुलाया, परंतु स्वरूपा की जानकारी नहीं दिया। तुकेश मेरे घर 24 मार्च को मोटर सायकल से सायं 4 बजे आया। मैने बोला कि आज बाजार है, आज रूक जाओं, ⏭ शेष पेज 15 पर

**आरकेबी डिवीजन के पाँच नक्सली और कंपनी नंबर 05 की स्वरूपा एक साथ चार दिनो से काकेर जिला के कोड़ेकुर्से थाना के गांव ओटेकसा क्षेत्र में घूम रहे थे। तीन दिन पहले स्वरूपा को जाने के लिए उसके रिश्तेदार के पास भेजा और स्वयं भतीजे के साथ एसपी आफिस पहुँच गई। एक दिन बाद आरकेबी के मंगेश ने बीजापुर जाने के लिए बीजापुर के पत्रकार को बुलाया, परंतु समझाईश देने के बाद कांकेर पुलिस के सामने समर्पण को तैयार हुआ और 26 मार्च की सुबह 9 बजे बीजापुर के पत्रकार के साथ कांकेर एसपी आफिस पहुँच गए। कांकेर पुलिस ने इन 6 नक्सलियों के समर्पण की अधिकृत जानकारी दोपहर बाद जारी किया।**

**मंगेश ने यह भी कहा था कि अब 7 दिन बचे हैं, समर्पण करना जरूरी है, नहीं तो मारे जाएंगे**




### आरकेबी डिविजन खत्म, मोहला मानपुर मुक्त

आरकेबी डिवीजन के मोहला-मानपुर-औंधी संयुक्त एरिया कमेटी के समर्पण करने वाले पांच नक्सली सक्रिय थे, इनके समर्पण किए जाने से मोहला मानपुर जिला नक्सल मुक्त जिला हो गया। इनकी सक्रियता मोहला मानपुर जिला में ज्यादा थी। यह वहीं मंगेश है, जो औंधी जिले के कोहकाटोल में बच गया था, यह टीम इंसास छोड़कर भागे थे।

### ओटेकसा से पुलिस लौटी बैरंग, सुबह किया समर्पण

स्वरूपा के द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर एसडीओपी भानुप्रतापपुर आत्मसमर्पित नक्सली के साथ सीधे ओटेकसा 25 मार्च की देर शाम पहुँचे, परंतु कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया और वापिस हो गई थी। इसकी जानकारी मंगेश को भी मिल गई। मंगेश डर के चलते बीजापुर के एक पत्रकार को फोन करके बुलाया और बीजापुर में समर्पण की बात कही। बीजापुर से पहुँचे पत्रकार ने समझाईश दिया और 26 मार्च की सुबह 9 बजे आरकेबी के पाँचो नक्सलियों को कांकेर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी को सौंपा और उन्होने समर्पण की घोषणा किया। नक्सली 1 नग सेल्फ लोडिंग राइफल, 2 नग 303 राइफल के साथ पहुँचे।

पुलिस को लगातार सक्रियता से मिली सफलता

## हत्या के प्रयास का फरार आदतन मुख्य आरोपी सारथी सवा साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

हत्या के प्रयास के एक गंभीर मामले में कांकेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी विक्रम सारथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है और उसे जिलाबदर भी किया जा चुका है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने 9 जनवरी 2025 को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि वह अपने मित्र सुधरा चौहान के साथ पुराने बस स्टैंड गया था। रात करीबन साढ़े 8 बजे बस स्टैंड पुल के पास विक्रम सारथी, आशीष सारथी और अन्य साथियों ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर प्रार्थी के नाक और आंख में गंभीर चोट पहुंचाई तथा दोनों को पुल के नीचे फेंक दिया। इस मामले में थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 15/2025 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। उच्चाधिकारियों कि अगुवाई में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने 10 जनवरी 2025 को सह-आरोपी आशीष सारथी एवं सूरज देहारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था। वहीं मुख्य आरोपी विक्रम सारथी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए स्थान बदल-बदलकर छिप रहा था। मुखबिर से जानकारी मिलने पर पुलिस टीम ने दुर्ग में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार ⏭ शेष पेज 15 पर

## बंग समाज ने मां काली पूजा पर किया रक्तदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

नगर में कालीबाड़ी बंग समाज द्वारा आयोजित मां काली स्थापना दिवस का दो दिवसीय कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में बंग समाज की उल्लेखनीय सहभागिता रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। 26 मार्च को सुबह मां काली की विधिवत पूजा-अर्चना एवं स्थापना की गई। श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख-समृद्धि एवं नगर के कल्याण की कामना की। दोपहर में आयोजित रक्तदान जीवनदान कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें कुल 20 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, किसान मोर्चा से नरोत्तम सिंह चौहान, वार्ड पार्षद विजय धामेचा, सचिन दुबे, संदीप ठाकुर, युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, व्यापारिक संघ अध्यक्ष राकेश रामानी, प्रदीप नालानी एवं मनोज पंजाबी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के दौरान सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ने काली मंदिर परिसर के सामने स्थित खाली भूमि पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थाई शेड निर्माण कराने की घोषणा की।

## स्वरोजगार के लिए 580 हितग्राहियों को टूलकिट और मशीनें की वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

गोविंदपुर स्थित खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत प्रदेशभर से आए 580 हितग्राहियों को विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों के लिए मशीनें और टूलकिट वितरित किए। इस पहल ने न केवल ग्रामीण आजीविका को मजबूती दी, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ। कार्यक्रम में कुम्हारी, दोना-पत्तल निर्माण, फुटवियर निर्माण, मधुमक्खी पालन, इमली प्रसंस्करण और प्लंबिंग जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हितग्राहियों को आधुनिक



उपकरण प्रदान किए गए। हितग्राहियों में इस पहल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

आयोजित कार्यक्रम में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वदेशी सोच की प्रतीक विचारधारा है। उन्होंने नरेन्द्र मोदी के विजन-2047 का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना तभी साकार होगा, जब हर व्यक्ति कौशलयुक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने हितग्राहियों को प्रशिक्षण लेकर टूलकिट का बेहतर उपयोग करने और अपने जीवनस्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रेरित किया। राकेश पाण्डेय ने कहा कि देश के विकास ⏭ शेष पेज 15 पर

## मोबाइल पर किया लगातार टार्चर मंडला के युवक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापपुर क्षेत्र में एक शिक्षिका और उनके परिवार को लगातार मिल रही जान से मारने की धमकियों ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। देर रात आने वाले फोन कॉल, गाली-गलौज और लगातार मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर शिक्षिका ने आखिरकार पुलिस की शरण ली है। इस घटना ने न सिर्फ एक परिवार की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि सोशल मीडिया से जुड़े रिश्तों के खतरनाक पहलुओं को भी उजागर कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरनगर (मुल्ला) में पदस्थ एक शासकीय प्राथमिक शाला की




शिक्षिका ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के मंडला जिले के ग्राम बकौरी निवासी संतोष झरिया नामक युवक पिछले कई महीनों से उनके परिवार को फोन पर धमकी दे रहा है। शिक्षिका के अनुसार, उनकी पुत्री की युवक से फेसबुक के माध्यम से पहचान हुई थी, लेकिन कुछ समय बाद बातचीत बंद कर दी गई। इसी बात से नाराज होकर आरोपी ने परिवार को निशाना ⏭ शेष पेज 15 पर

## शराब की अवैध बिक्री मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई

**कांकेर**। थाना कांकेर और कोरर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा और दोनो आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। कांकेर पुलिस को 24 मार्च को मुखबिर से जानकारी मिला कि पुराना बस स्टैंड चौक के पास एक व्यक्ति झोले में देशी प्लेन शराब रखकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। मामले की तस्दीक कर पुलिस ने इलाके कि घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुभाष वार्ड कांकेर निवासी 52 वर्षीय अशोक रवानी होना बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 18 नग देशी प्लेन शराब कीमत लगभग 1 हजार 440 रुपएं को जप्त ⏭ शेष पेज 15 पर

## परलकोट में जनजीवन प्रभावित, रसोई गैस को लेकर बढ़ी चिंता

# पेट्रोल-गैस की किल्लत की खबर पर अफरा-तफरी व एजेंसियों में भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

परलकोट क्षेत्र में इन दिनों एक अफवाह ने ऐसा असर डाला है कि सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आ रहा है। पेट्रोल और रसोई गैस की संभावित कमी की खबर फैलते ही कापसी, बांदे और पखांजूर सहित आसपास के इलाकों में अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

क्षेत्र के लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन और गैस सिलेंडर लेने के लिए घरों से निकल पड़े, जिससे पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग गईं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कई पेट्रोल पंप संचालकों को एहतियातन पेट्रोल का सीमित वितरण शुरू करना पड़ा। मोटरसाइकिल चालकों को केवल 1 लीटर और चारपहिया या बड़े वाहनों को अधिकतम 5 लीटर पेट्रोल ही दिया जा रहा



है। इसके बावजूद भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। दिनभर लोगों की आवाजाही और इंतजार के चलते पंपों के आसपास जाम जैसी स्थिति बनती रही। इसी तरह रसोई गैस एजेंसियों में भी असामान्य भीड़ देखने को मिली। लोग इस आशंका से घिरे हुए हैं कि कहीं गैस की कमी न हो जाए, इसलिए वे जल्द से जल्द सिलेंडर लेने की कोशिश में जुटे हैं। कई जगहों पर लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ा, जिससे परेशानी और बढ़ गई।

हालांकि, स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों ने अब तक पेट्रोल या रसोई गैस की किसी भी प्रकार की आधिकारिक कमी की पुष्टि नहीं की है। जानकारों का मानना है कि यह पूरी स्थिति केवल अफवाहों के कारण उत्पन्न हुई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं और अनावश्यक रूप से भीड़ न बढ़ाएं।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की अफवाहें न केवल व्यवस्था को प्रभावित करती हैं, बल्कि वास्तविक जरूरतमंदों के लिए भी परेशानी खड़ी कर देती हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। अब क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन पर टिकी है कि वह जल्द से जल्द स्थिति को स्पष्ट करे और अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई कर सामान्य व्यवस्था बहाल करे।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगेगा चेमा में 1 अप्रैल को

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की मंशानुरूप ग्रामीणजनों की मांगों और समस्याओं त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से कोण्डागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम चेमा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को मिली राहत

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की है।

कलेक्टर द्वारा कुल 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। केशकाल तहसील के ग्राम कोहकामेटा निवासी सुरेश की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी उत्तराबाई को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। इसी प्रकार धनोरा तहसील के ग्राम मोदेबेड़मा निवासी सुकलूराम मरापी की डूबने से मृत्यु पर उनकी पत्नी जगनी मरापी को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई। माकड़ी तहसील के ग्राम मिरमिंडा निवासी अमृत की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके माता–पिता सुलो और मंगउ को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। वहीं केशकाल तहसील के ग्राम बटराली निवासी कार्तिक की डूबने से मृत्यु पर उनकी माता कामेश्वरी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि स्वीकृत सहायता राशि शीघ्र ही लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत मिल सके।


### चिचाड़ी और पाटला में रैली निकाल कर क्षय रोग के प्रति किया जागरूक



**फरसगांव।** विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र चिचाड़ी और आश्रित ग्राम पाटला में मंगलवार को कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के सिंह के मार्गदर्शन एवं फरसगांव खंडचिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती एवं बीपीएम चेतन चौहान के पर्यवेक्षण में विश्व क्षय दिवस के अवसर के अंतर्गत 100 दिवसीय सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ रैली के माध्यम से लोगों में क्षय रोग के प्रति जन जागरूगता करते हुए प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह के लोग, शिक्षक-शिक्षिकायें, स्कूली बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सुपरवाइजर, एमटीएस, एसटीएस, सीएचओ , आरएचओ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थाना अनंतपुर क्षेत्र में दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पंचुराम बघेल 29 वर्ष को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।



पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 23 मार्च को थाना अनंतपुर में शिकायत दर्ज कराई कि 18 मार्च को गांव में आयोजित शादी के दौरान आरोपी ने उसके पति को बहाने से बारह भेज दिया। रात में घर में घुसकर दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी के निवास पर दबिश दी गई और उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्रवाई में थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दिव्यांग बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराकर दिलाएं उनके अनुकूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमेल बघेल तथा एडीपीओ श्रीमती शीला शार्दुल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत केंद्र में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता एवं पालकों को शामिल किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं शासकीय सुविधाओं की जानकारी दी गई। द्वितीय चरण में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं पालकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विभिन्न विकासखंडों के प्रतिभागी शामिल हुए।

**समावेशी शिक्षा एवं अधिकारों की दी जानकारी :** मास्टर ट्रेनर सौम्य देवांगन ने समावेशी शिक्षा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर स्मिता जोशी ने एस्कॉर्ट अलाउंस, ट्रांसपोर्ट अलाउंस एवं छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में विभिन्न विकासखंडों से बीआरपी, स्पेशल एजुकेटर एवं अन्य प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम के सफल संचालन में योगदान दिया।

**समावेशी शिक्षा को बढ़ावा : दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित**





#### दिव्यांगता के कारण व रोकथाम पर जोर

मास्टर ट्रेनर दीपक सिंह ने दिव्यांगता के कारण एवं उसके रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास नायडू ने प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को विद्यालय स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए। वहीं समावेशी प्रभारी गुड़िया मरकाम ने शासन के निर्देशों के पालन पर जोर दिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं उनके अनुकूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।

निर्देश : साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# फौती नामांतरण व बंटवारा प्रकरणों का पंचायतों के समन्वय से करें निराकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में आगामी राजस्व पखवाड़ा के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

■ राजस्व पखवाड़ा को लेकर तैयारियां तेज

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पखवाड़ा के दौरान फौती नामांतरण एवं बंटवारा जैसे प्रकरणों का ग्राम पंचायतों के समन्वय से शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जाए। बैठक में जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही उचित मूल्य की दुकानों में राशन सामग्री की उपलब्धता एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**स्वास्थ्य सेवाओं में रखें गुणवत्ता और स्वच्छता**

कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा बच्चों और माताओं को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जल जीवन मिशन एवं होम स्टे योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### धान उठाव में तेजी लाने वाहनों की संख्या बढ़ाएं: कलेक्टर



कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले की समितियों में धान उठाव की गति बढ़ाने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं राइस मिलर्स की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान उठाव कार्य की समीक्षा करते हुए राइस मिलर्स को परिवहन के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने को कहा, ताकि उठाव कार्य तेजी से पूरा हो सके। कलेक्टर ने चावल जमा की प्रगति बढ़ाने के लिए मिलर्स को अपनी मिलिंग क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राइस मिलर्स ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं राइस मिलर्स उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में निक्षय निरामय अभियान 2.0 का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विश्व क्षय दिवस पर जिले में निक्षय निरामय अभियान 2.0 की शुरुआत की गई। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ विश्व क्षय दिवस पर अभियान का शुभारंभ

जिले के सभी विकासखंडों के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। शिविरों में हैंडहेल्ड एक्स–रे मशीन के माध्यम से लोगों की जांच की जा रही है। निक्षय निरामय अभियान 2.0 के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी के लक्षणों के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करना है। जिले में 140 उच्च जोखिम वाले गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां 14 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का शत–प्रतिशत एक्स–रे कर संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। वर्तमान में जिले में 265 टीबी मरीजों का उपचार जारी है, जिनका नियमित फॉलोअप स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है।

**244 पंचायतें हो चुकी हैं टीबी मुक्त –**

वर्ष 2025 में जिले की 384 पंचायतों में से 244 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है, शेष पंचायतों को भी जल्द टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। टीबी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए पंचायत प्रतिनिधि, नागरिक और स्वास्थ्य अधिकारी 'निक्षय मित्र' बनकर सहयोग कर रहे हैं।

# सुपोषित जीवन अभियान से कुपोषित बच्चों को दिया जाएगा बेहतर पोषण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में सुपोषित जीवन अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों के लिए विशेष डाइट की शुरुआत की गई। इस पहल का शुभारंभ बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने किया।

■ पोषण पुनर्वास केंद्र में विशेष डाइट की शुरुआत

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। नई डाइट में नियमित भोजन के साथ अतिरिक्त पोषक तत्व जोड़े गए हैं। बच्चों को अंडा, दूध, ताजे फल, मूंगफली एवं गुड़ के लड्डू तथा सत्तू उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें संतुलित एवं सम्पूर्ण पोषण मिल सके।

#### स्वास्थ्य सुधार में मिलेगा लाभ

इस पहल से कुपोषित बच्चों की रिकवरी दर में सुधार आने की उम्मीद है। साथ ही उनकी ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन में यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे केंद्र में बेहतर पोषण और गुणवत्तापूर्ण देखभाल हो सके।

# भूमिहीन मजदूरों के खातों में 7.67 करोड़ की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत कोंडागांव जिले के 7,673 हितग्राहियों के खातों में 7 करोड़ 67 लाख 30 हजार की राशि सीधे अंतरित की गई। यह राशि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जारी की गई। जिससे जिले में हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और योजना के लाभों को विस्तार से बताया। विधायक उसेण्डी ने कहा कि इससे मजदूर परिवारों को संबल मिलेगा। विधायक ने कहा कि यह योजना भूमिहीन मजदूरों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और वे अपने बच्चों की शिक्षा, पालन–पोषण और दैनिक जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। उन्होंने इसे राज्य सरकार की जनहितैषी पहल बताया। राज्य स्तर पर करोड़ों की राशि वितरित की गई। आर्थिक सशक्तिकरण की इस प्रक्रिया में जिले को विशेष रूप से 7.67 करोड़ का लाभ मिला। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

■ आयोजन : जिला स्तर पर विधायक लता की मौजूदगी में कार्यक्रम



#### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को प्रति वर्ष 10,000 की सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें स्थायी आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। योजना से जिले के हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है। जिले में सशक्तिकरण व विकास की नई दिशा मिल रही है।

# दंत रोगों के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर मुख स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को दांतों और मुंह से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ निशुल्क जांच और उपचार संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। जिले में चलाए गए विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर आयोजित कर आमजन को दंत रोगों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को समय रहते मुख स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित करना रहा। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. विनोद भोयर ने बताया कि जिला अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग में मुख स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नियमित रूप से मरीजों की जांच और परामर्श दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सक डॉ. यखिलेश्वरी ठाकुर के नेतृत्व में लगातार जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों में मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग में प्रतिदिन लगभग 30 से 35 मरीजों की ओपीडी दर्ज की जा रही है, जहां उन्हें आधुनिक जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा

■ सैकड़ों लोगों की जांच कर, किया इलाज



#### नियमित जांच कराएं

डॉक्टरों ने बताया कि जिले में आमतौर पर अक्ल दाढ़ में दर्द और सूजन, दांतों की सड़न, मसूड़ों से खून या मवाद आना, तथा मुंह में बिना दर्द के सूजन या गांठ जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। इन सभी बीमारियों का समय पर उपचार संभव है, बशर्ते लोग लक्षणों को नजरअंदाज न करें और नियमित जांच कराएं। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मुख स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, नियमित रूप से दांतों की सफाई करें और किसी भी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

# कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



जिला पंचायत के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह रोकथाम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम, 2013 विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता श्रीमती प्रीति विश्वास ने लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी स्थिति में तत्काल आंतरिक शिकायत समिति में दर्ज कराना आवश्यक है। नवाबिहान की संरक्षण अधिकारी श्रीमती सावित्री कोर्राम ने पोर्टल पर आंतरिक समिति के सदस्यों की जानकारी अपलोड करने की प्रक्रिया बताई। वहीं सखी सेंटर की प्रशासक श्रीमती स्वीटी दास ने महिलाओं को मिलने वाली सहायता सेवाओं पर प्रकाश डाला।

**बाल विवाह उन्मूलन पर दिया गया जोर**

कार्यक्रम में नरेन्द्र सोनी ने बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों की आंतरिक समितियों के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 13 के शेष

### अष्टमी पर माँ शीतला मंदिर में मंत्रोच्चार के ...

समिति के पुजारी पूरन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के दौरान भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा है। विशेष रूप से दुर्गाष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद शांति और सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी अनुष्ठान सफलतापूर्वक संपन्न कराए गए।

### आरकेबी डिवीजन के 5 नक्सलियों ...

कल चले जाना। तुकेश ने कहा कि नहीं मैं अभी लेकर जाउँगा और वह लेकर चला गया। तुकेश ने सीधे पुलिस अधीक्षक के जारी नंबर पर संपर्क साधा और 25 मार्च को दोपहर को कांकेर पुलिस अधीक्षक कार्यालय लाकर सौंप दिया। परलझरी के राजूराम ध्रुव ने बताया कि उसके पास हथियार नहीं था, कहाँ है, इस पर वो कुछ नहीं बता पाया। हरिभूमि ने सुरेश और राजूराम ध्रुव से बात किया तो उनका कहना था कि मंगेश के सहित पाँच साथी में चार लोग बीजापुर के और एक नारायणपुर से थे, इसलिए यह बीजापुर में समर्पण करने के लिए रट लगाए हुए थे। मंगेश ने यह भी कहा था कि अब 7 दिन बचे है, समर्पण करना जरूरी है, नहीं तो मारे जाएंगे।

### हत्या के प्रयास का फरार आदतन ...

कर लिया, जिसके बाद 25 मार्च को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कांकेर में पूर्व से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, धमकी और अन्य अपराध शामिल हैं। इस कार्रवाई में प्रशिक्षु थाना प्रभारी प्रतिक दादासाहेब बनसोडे, सउनि सोमेन्द्र सिंह, प्रधान आरक्षक जीवधन यादव, आरक्षक शिवप्रसाद नेताम एवं संतोष पैकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### स्वरोजगार के लिए 580 हितग्राहियों ...

की शुरुआत गांवों से हो रही है। केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है। कार्यक्रम के अंत में स्व-सहायता समूहों के सदस्यों को प्रतीकात्मक रूप से टूलकिट एवं मशीनों का वितरण किया गया। इस दौरान यशपाल, डॉ. कुलदीप वर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मोबाइल पर किया लगातार टार्चर ...

बनाना शुरू कर दिया। शिकायत में बताया गया है कि आरोपी 28 अक्टूबर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक ही नहीं, बल्कि उसके बाद भी लगातार अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कॉल और मैसेज कर रहा है। वह अक्सर रात 12 से 1 बजे के बीच फोन कर अश्लील भाषा का प्रयोग करता है और जान से मारने की धमकी देता है। परिवार ने कई बार उसे समझाने की कोशिश की, यहां तक कि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। इस लगातार उत्पीड़न के कारण शिक्षिका और उनका पूरा परिवार गहरे मानसिक तनाव और भय के माहौल में जीने को मजबूर हो गया है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

भानुप्रतापपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296 और 351(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शराब की अवैध बिक्री मामले में दो...

कर धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। वही कोरर पुलिस ने 25 मार्च को शाम 6 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी मरकाटोला निवासी 34 वर्षीय जगनाथ हिमाची पिता स्व. बब्लूराम के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 840 रूपएं व नगद 150 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

## खबर संक्षेप

### आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

लोहंडीगुड़ा। शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर धाकड़ समाज द्वारा 9 बजे शोभायात्रा, बाईक रैली एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। ब्लाक के सभी प्रमुखजनों, बालक, बालिका, महिला पुरुष सर्व सनातनी शामिल होने अपील की गई है। शोभायात्रा लोहण्डीगुड़ा कालीमंदिर से उसरीबेड़ा से चित्रकोट शिवमंदिर में समापन किया जायेगा। कार्यक्रम में बस्तर महाराज कमलचंद भंजदेव एवं महारानी शामिल होने का सहमति दे चुके है।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ से 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित



बीजापुर। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे कुल 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित हुईं। कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लॉकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माह में दो बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की पहल की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें जिला अस्पताल तक आने की आवश्यकता न पड़े। इसी क्रम में 24 मार्च को कुटरू स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया। इस दौरान 21 गर्भवती माताओं का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया गया।

# महादेव की प्राण प्रितष्ठा में उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़



बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़ के वार्ड नंबर 9 बोरगुड़ा में आज आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जब नवनिर्मित मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ आज प्रातः 8 बजे से वेदी पूजन के साथ हुआ। विद्वान पंडितों के सानिध्य में यजमानों ने भगवान शिव का आह्वान किया। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने इस धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार प्रातः 9:50 बजे नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जैसे ही महादेव की स्थापना हुई, मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात भगवान का विशेष महाभिषेक किया गया। प्रतिष्ठा के उपरांत हवन कुंड में आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। महाआरती के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नंबर 9 सहित पूरे मद्देड़ पंचायत और आसपास के गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना से क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और वरिष्ठजनों का विशेष योगदान रहा।

# हनुमान चालीसा का पाठ कर तिलक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एकल अभियान अंचल ने नगर में हनुमान मंदिर पुराना नाका से हनुमान चालीसा का पाठ करके हरि सत्संग रथ के साथ सभी लोगों की उपस्थिति में तिलक उत्सव का शुभारंभ हुआ। नगर से ग्राम पंचायत हारम और शबरी बस्ती माधोपारा से वापस शिव मंदिर पुराना बस स्टैंड आया। इस बीच रास्ते में जितनी भी दुकानें थी उनका संच व्यास और महिला समिती, दीदीयों, आचार्य व भैया बहनों ने तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर नवरात्रि की बधाई दी। रथ के साथ तिलक लगाना और नवरात्रि की बधाई देना और साथ ही करीब 7 किलोमीटर चलने के बाद शिव मंदिर पुराना बस स्टैंड में इसका समापन हुआ। तिलक उत्सव के प्रभारी अंचल उपाध्याय नारायण साहू, महिला प्रमुख पार्वती परिहार दीदी, अभियान प्रमुख रामाधर कश्यप, अंचल व्यास दशमुराम, गतिविधि प्रमुख रमेश पुजारी, अंचल समिति से संस्कार, शिक्षा संरक्षक लुपेन्द वैष्णव, अंचल प्रभारी वैभव गुप्ता, अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जागरण संयोजक संतोष साहू, संच सचिव जगत ठाकुर, संस्कार संरक्षक राजकुमार अग्रहरि, गौ रक्षक संयोजक जगन्नाथ गुप्ता, एसएसपीएम प्रित्तम कौर, लक्ष्मी यादव, राजेश्वरी नाग उपस्थित रहे। साथ ही अंचल के सभी सेवाभावी भाई बहन, संच के आचार्य व गीदम नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## थीम के साथ 100 दिवसीय अभियान शुरू

# जनभागीदारी से टीबी पर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति बीजापुर द्वारा जी हां हम टीबी को खत्म कर सकते हैं, भारत के नेतृत्व में, जनभागीदारी के बल पर थीम के साथ 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर निश्चय वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की गई।

- सराहनीय योगदान देने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया

कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संबित मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे नगर पालिका परिषद बीजापुर के उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान सहित सरपंच नीता शाह, पार्षद बसंती निंगम एवं स्वर्णरेखा सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसमें जिला क्षय अधिकारी डॉ. आदित्य साहू एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 29 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित करते हुए गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सराहनीय योगदान देने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सीएचओ, एमटी, आरएचओ आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने 12 टीबी मरीजों को पोषण आहार भी वितरित किया, जिससे उनके स्वास्थ्य सुधार में सहायता मिल सके। कार्यक्रम का सफल संचालन रमाकांत पुनेठा द्वारा किया गया। यह अभियान न केवल टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण का

### प्रचार रथ को हरी झंडी



दंतेवाड़ा। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में 100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान की सशक्त शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेक द्वारा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें ग्राम पंचायतों के पारा-मोहल्लों में घर-घर सर्वे कर उच्च जोखिम समूह के व्यक्तियों की पहचान करेंगी। चिन्हित व्यक्तियों का एक्स-रे परीक्षण कराया जाएगा तथा संदेहास्पद मरीजों की निःशुल्क जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि टीबी की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार संभव हो सके। इस पहल से जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद जताई जा रही है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर डीपीएम प्रतीक सोनी, डीटीओ डॉ. साकेत लहरें सहित टीबी कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधुनिक कृषि तकनीक पर किसानों को दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के तहत कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्यिकी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान भाई-बहन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. राजीव शर्मा उप संचालक पशुपालन अरुण सकनी कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर मत्स्य विभाग से दामोदर यालम एवं कृष्णा कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ अरविंद आयाम कार्यक्रम सहायक ने किया। जिसमें उन्होंने फसलों में लगने वाले कीटों के प्रकोप एवं नियंत्रण उपायों के साथ-साथ मशरूम उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. राजीव शर्मा ने पशुपालन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी वहीं कृष्णा कुमार सिन्हा ने बीजामृत, नीमास्त्र, जीवामृत एवं सिंचाई योजनाओं पर प्रकाश डाला। दामोदर यालम ने मत्स्य पालन की संभावनाओं एवं योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. अरुण कुमार सकनी ने प्राकृतिक खेती के लाभों पर जोर दिया।

उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र कुमार तारम ने पोषण वाटिका एवं उद्यानिकी फसलों की जानकारी दी जबकि डॉ. राजकमल पटेल एग्रोनॉमी ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों पर मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा डॉ मिथलेश कुमार ने कृषि उपकरणों एवं मशीनों की जानकारी दी तथा डॉ. दिनेश मरापी फार्म मैनेजर ने फसल प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य व्याख्यान डॉ. योगेश कुमार मेश्राम द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने कीट प्रबंधन, फसल सुरक्षा एवं आधुनिक कृषि तकनीकों पर किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# बेड़ागांव में देवी दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चैत्र नवरात्रि में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने बकावंड ब्लाक के बेड़ागांव में प्राचीन हिंगलाजिन मंदिर में मां हिंगलाजिन देवी दर्शन किए। इस अवसर पर मां भगवती शारदा भवानी मैहर वाली सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। प्रकृति की गोद में बसा बेड़ागांव न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर बैस मालगुजार परिवार के सदस्यों सहित मंदिर के अध्यक्ष एवं संरक्षक अजय सिंह बैस, पुजारी परिवार, मांझी, चालकी, सेवादार, सिरहा, सरपंच सहित भक्तगण उपस्थित रहे।

# जावंगा में कैरियर अन्वेषण विद एआई हैकाथॉन 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ते हुए उनके करियर विकल्पों को व्यापक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में संचालित एआई डिजिटल शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर अन्वेषण विद एआई हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। यह हैकाथॉन 29 मार्च को एजुकेशन सिटी जावांगा स्थित बीपीओ कॉल सेंटर में आयोजित होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से करियर के विभिन्न आयामों से परिचित कराना, उनकी रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता एवं नवाचार सोच को विकसित करना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना है। वर्षभर संचालित एआई डिजिटल शिक्षा कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभागियों की इसमें भागीदारी सुनिश्चित की गई है। हैकाथॉन में जिले के विभिन्न पोटाकेबिन एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों से चयनित विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतिभागियों को विभिन्न विषय-आधारित समूहों में विभाजित कर एआई आधारित समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत एआई आधारित करियर अवसरों पर उन्मुखीकरण सत्र, विभिन्न विषयों पर समूह आधारित परियोजना कार्य, समस्या समाधान एवं नवाचार आधारित चुनौतियां, विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप तथा प्रतिभागियों द्वारा परियोजना प्रस्तुतीकरण आयोजित किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा, साथ ही वर्षभर इन बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले एआई फेसिलिटेटरों को भी सम्मानित किया जाएगा।

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित

यह कार्यक्रम कलेक्टर, दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय किया जा रहा है।

# खिलाड़ियों से मिले पूर्व मंत्री बेटियों के प्रदर्शन पर जताया गर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

जिले के जनप्रिय नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने दिल्ली प्रवास के दौरान खेल जगत से जुड़ी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम और साई के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक कलवा राजेश्वर राव से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

यह टीम हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर चुकी है। मुलाकात के दौरान श्री गागड़ा ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनके अनुभव, प्रशिक्षण और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं, जो न केवल प्रेरणादायक है बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत भी है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार और समाज को ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग करना चाहिए। इस मुलाकात से खिलाड़ियों में भी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

# शंहर में आज सजेगी विशेष भित्तिचित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की माटी की महक और यहां की प्राचीन लोक कलाओं को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ शुक्रवार को एक विशेष चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। जिला प्रशासन बस्तर के सौजन्य से आयोजित यह प्रदर्शनी बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर बादल आसना और संस्कार भारती बस्तर जिला इकाई के संयुक्त प्रयासों का प्रतिफल है। इस विशेष आयोजन का मुख्य केंद्र जगदलपुर स्थित दलपत सागर के समीप बस्तर आर्ट गैलरी को बनाया गया है, जहां कला के विविध रंग बिखरे नजर आएंगे। इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता इसमें प्रदर्शित होने वाले भित्ति चित्र हैं, जो विशेष रूप से बस्तर शैली और रजवार शैली की अनूठी कलात्मकता को रेखांकित करते हैं। उल्लेखनीय है कि इन कलाकृतियों का सृजन बादल संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय सघन भित्ति चित्र कार्यशाला के दौरान किया गया था। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए प्रतिभावान चित्रकारों ने अपनी तूलिका के माध्यम से लोक जीवन, परंपराओं और लोक गाथाओं को कैनवास और दीवारों पर जीवंत किया है।

## निधन

### गौरी प्रिया महापात्र



जगदलपुर। राजपुरोहित परिवार की गौरी प्रिया महापात्र (72) पति स्वर्गीय कृष्ण कुमार महापात्र का आज सुबह निवास में निधन हो गया। वह कुछ महिने से अस्वस्थ थी। अंतिम यात्रा गुरूवार की सुबह 11 बजे निवास भैरमदेव वार्ड से मुक्ति धाम के लिए निकली। परिजन, उत्कल समाज समेत शहरवासी शामिल थे। शिक्षा विभाग में कार्यरत पूर्णचंद्र महापात्र तथा पीडब्लूडी कर्मचारी गंगाधर महापात्र की वह मां थी। दो पुत्र, दो पुत्री समेत नाती पोते से भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

# एनीमिया से रोकथाम के लिए लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एनीमिया बीमारी से रोकथाम के लिए एक दिवसीय स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से ग्राम पंचायत भटपाल के नेउरनार में एनीमिया निवारण विशेष स्वास्थ शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों में एनीमिया संबंधी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर और परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा टीम ने 168 मरीजों का निशुल्क उपचार और दवाइयां भी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 111 लोगों का पैथोलॉजी परीक्षण भी किया गया। जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार सुनिश्चित कर सके।

इस शिविर में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के जिला समन्वयक मोहनीश कुमार यादव, डा निलेश, फार्मसिस्ट सविता भारती, लैब टेक्नीशियन गेंदकुमारी यादव, स्टाफ नर्स उर्वशी, पायलेट राजेश ताती अपनी सेवाएं प्रदान की तथा ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, पंच, सचिव, ग्रामीण पटेल और मितानिन तथा स्वास्थ्य विभाग का भी इस शिविर में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# चितालंका को मिला नवीन महतारी सदन



दंतेवाड़ा। जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप पटेल एवं ग्राम पंचायत चितालंका की सरपंच मुन्नी भास्कर की उपस्थिति में आरईएस विभाग द्वारा निर्मित महतारी सदन चितालंका का विधिवत हस्तांतरण किया गया। यह भवन आरईएस विभाग के एसडीओ एम. घोड़मोड़े एवं इंजीनियर विजय देवांगन द्वारा एकता महिला संकुल संगठन चितालंका को सौंपा गया। इस दौरान संकुल संगठन की अध्यक्ष राधा, सचिव सरिता ठाकुर सहित सभी महिला सदस्य (दीदियाँ) उपस्थित रहीं। महतारी सदन का उपयोग संकुल संगठन के कार्यालय के रूप में किया जाएगा, साथ ही यहां विभिन्न आजीविका गतिविधियों के संचालन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भक्तिमय हुआ लौह नगरी, जगह-जगह कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार लौह नगरी किरंदुल पूरी तरह भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। नगर में हर साल की तरह इस बार भी कन्या भोज को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

शहर के विभिन्न मंदिरों, सार्वजनिक पंडालों और घरों में विधि विधान के साथ कन्या पूजन व भोज का आयोजन किया गया। सुबह से ही नन्हीं कन्याओं के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। नगर के प्रमुख मंदिरों सहित विभिन्न कॉलोनियों में सुबह विशेष हवन पूजन किया गया जिसके बाद कन्या भोज का सिलसिला शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने छोटी छोटी कन्याओं के पैर पखारे, उन्हें तिलक लगाया और चुनरी ओढ़ाकर साक्षात देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की। हलवा, पूरी और काले चने का विशेष प्रसाद खिलाया गया। समापन पर माता रानी के रूप में पधारे कन्याओं एवं छोटे छोटे भैरव बाबाओं को भोज के बाद फल, उपहार और दक्षिणा देकर सबसे आशीर्वाद लेकर विदा किया गया।



## खबर संक्षेप



### पचमढ़ी पर्वतारोहण शिविर से स्काउट-गाइड दल लौट

**कांकेर।** मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में आयोजित 5 दिवसीय राज्य स्तरीय पर्वतारोहण एवं साहसिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर कांकेर जिले के 80 स्काउट-गाइड का दल वापस लौट आया है। 20 से 24 मार्च तक चले इस शिविर में 51 गाइड, 25 स्काउट और 4 प्रभारी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ट्रेकिंग और जिप लाइन जैसी साहसिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी दल ने प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कांकेर आगमन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने दल का स्वागत किया।

### आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

**लोहंडीगुड़ा।** शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर धाकड़ समाज द्वारा 9 बजे शोभायात्रा, बाईक रैली एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। ब्लाक के सभी प्रमुखजनों, बालक, बालिका, महिला पुरुष सर्व सनातनी शामिल होने अपील की गई है। शोभायात्रा लोहण्डीगुड़ा कालीमंदिर से उसरीबेड़ा से चित्रकोट शिवमंदिर में समापन किया जायेगा। कार्यक्रम में बस्तर महाराज कमलचंद भंजदेव एवं महारानी शामिल होने का सहमति दे चुके है।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ से 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित



**बीजापुर।** जिले में ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे कुल 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित हुईं। कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लॉकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माह में दो बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की पहल की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें जिला अस्पताल तक आने की आवश्यकता न पड़े।

इसी क्रम में 24 मार्च को कुटरू स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया। इस दौरान 21 गर्भवती माताओं का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया गया। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। जिला प्रशासन का यह प्रयास स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, प्रभावी और ग्रामीणों के करीब लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सीजीपीएससी प्री में 20 अभ्यर्थी सफल, मावा मोदोल की कोचिंग ने रंग लाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला प्रशासन द्वारा संचालित अभिनव पहल मावा मोदोल मेरा मूल मेरा भविष्य निःशुल्क कोचिंग योजना ने एक बार फिर अपनी प्रभावशीलता सिद्ध करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस योजना के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों ने सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 20 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की है, जो जिले के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय बन गया है।

यह महत्वाकांक्षी योजना कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य दूरस्थ एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग उपलब्ध कराना है। जिला मुख्यालय एवं विकासखंड मुख्यालय भानुप्रतापपुर में संचालित इस कोचिंग कार्यक्रम में पिछले एक वर्ष से विद्यार्थी नियमित अध्ययन कर रहे थे। अब इसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। भानुप्रतापपुर शाखा से 12 छात्र-छात्राओं तथा कांकेर शाखा से 8 छात्र-छात्राओं ने प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। भानुप्रतापपुर शाखा से सफल विद्यार्थियों में शिल्पा नुरेटी, छबीलता देहारी, भावेश करंगा, रामगुलाल, रजोतिन, राहुल ठाकुर, डेनियल वर्मा, गजेंद्र सोनवानी, लोचन प्रसाद देवांगन, नेहा कोरेटी, दीप मल्लिका चुरेंद्र एवं कमल राम ठाकुर नायब तहसीलदार शामिल हैं।

## कांकेर-भानुप्रतापपुर के परीक्षार्थियों ने किया कमाल



### लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की

कांकेर शाखा से सफल विद्यार्थियों में सुभाष नेताम, वीरेंद्र टंडन, प्रतिभा कुंजाम, प्राची वासनीकर, तुषार शेंडे टेस्ट सीरीज लाभार्थी, दिलीप कुमार मार्कण्डेय, नीरज कुमार साहू एवं विक्रांत शामिल हैं। इन सभी विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि आर्थिक रूप से कमजोर है, लेकिन उन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की। जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री और अनुकूल वातावरण ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया और सफलता की राह आसान की। कलेक्टर ने इस उपलब्धि पर सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रशासन की प्रतिबद्धता का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने कहा कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। जिला पंचायत सीईओ हरेश मण्डावी ने छात्रों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल को निर्देशित किया है कि इन विद्यार्थियों के लिए मुख्य परीक्षा की तैयारी हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि इन छात्रों को निःशुल्क आवास, उन्नत अध्ययन सामग्री, विशेष बैच, टेस्ट सीरीज एवं इंटरव्यू गाइडेंस उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अंतिम चयन तक पहुंच सकें। इसके अतिरिक्त, ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने स्वयं के संसाधनों से सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें भी इस निःशुल्क कोचिंग योजना में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। इच्छुक विद्यार्थी कोचिंग केंद्र में उपस्थित होकर मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार की तैयारी का लाभ उठा सकते हैं।

**सियासत:** कुल आठ विषयों पर क्रमबद्ध सत्र आयोजित किए गए

# दीनदयाल प्रशिक्षण महाभियान में भाजपा की कार्यप्रणाली व नीति पर विचार-विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का शुभारंभ 25 मार्च को गरिमामयी वातावरण में हुआ। उद्घाटन सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लटिया एवं प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन की विशेष उपस्थिति रही। उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ, जिसमें संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

प्रथम दिवस में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ता की भूमिका एवं अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए सभी प्रशिक्षणार्थियों को सक्रियता एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। यह प्रशिक्षण महाभियान दो दिवसीय आवासीय स्वरूप में आयोजित किया गया, जिसमें कुल आठ विषयों पर क्रमबद्ध सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में भारतीय जनता पार्टी के इतिहास, विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानववाद के सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना, कार्यकर्ता की भूमिका, जनसंपर्क कौशल, सेवा कार्यों की महत्ता एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। प्रशिक्षण महाभियान का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ बनाना, संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को मजबूत करना तथा उन्हें एक सक्षम, अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में तैयार करना रहा।

इस प्रशिक्षण महाभियान की विशेष बात यह रही कि पूरे मंडल के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एक सप्ताह पूर्व से ही इसकी तैयारियों में जुटे हुए थे। सभी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने दो दिवसीय प्रशिक्षण में सहभागिता की। इसी क्रम में जिला महामंत्री राजा पांडे ने अपने गृह मंडल में व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखते हुए पूरे प्रशिक्षण अवधि में सक्रिय भूमिका निभाई। महिला मोर्चा की बहनों ने तिलक स्वागत से लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया, वहीं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पंजीयन, भोजन, आवास एवं अन्य सेवाओं में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर कार्यक्रम को सफल बनाया।



### संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए

द्वितीय दिवस के समापन सत्र में कांकेर विधानसभा क्षेत्र के विधायक आसाराम नेताम का आगमन हुआ। उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। समापन सत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए, उन्होंने प्रशिक्षण महाभियान की संतुलित व्यवस्था के लिए पूरे टीम की प्रशंसा कि और सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान कर आभार व्यक्त किया। यह प्रशिक्षण महाभियान कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह एवं समर्पण की भावना का संचार करने में सफल रहा तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। इस प्रशिक्षण अभियान में मंडल उपाध्यक्ष योगेश सोनवानी सरिता जोशी, चैतुराम आंचला डालन सिंह राणा, मंडल मंत्री सुमित्रा साहू कौशल्या उइके, अनीता रावटे, कोषाध्यक्ष जीवराखन सलाम, मीडिया प्रभारी संतोष बाजपेयी, देवलाल ढुग्गा, बृजेश चौहान, नरोत्तम चौहान, रजिंदर रंधावा, रामबाई गोटा, संकेत नशीने, अरविंद जैन, सतीश श्रीवास्तव, गौतम उईके, रत्नेश सिंह, छात्रप्रताप ढुग्गा, गुरपाल रंधावा, शैलेन्द्र पुनिया, भीखम आरदे, वरुण खापर्डे व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# शिक्षकों की पदोन्नति में वरिष्ठों की उपेक्षा और कनिष्ठों को लाभ देने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

बस्तर संभाग में हाल ही में जारी शिक्षक पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर गंभीर विवाद सामने आया है। संभाग के अनेक वरिष्ठ शिक्षकों ने आरोप लगाया है कि उन्हें नियम विरुद्ध तरीके से पदोन्नति से वंचित कर कनिष्ठ शिक्षकों को पदोन्नति का लाभ प्रदान कीया गया है।

प्रभावित शिक्षकों के अनुसार 20 जनवरी को पदोन्नति की समय-सारणी जारी की गई थी। इसके पश्चात दावा-आपत्ति प्रक्रिया पूर्ण कर 30 जनवरी को अंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित की गई, जिसमें सभी पात्र शिक्षकों के नाम सम्मिलित थे। इसके आधार पर 4 फरवरी को पात्रता सूची जारी की गई, जिसमें भी संबंधित शिक्षकों के नाम शामिल थे।

शिक्षकों का आरोप है कि 12 मार्च को अचानक बिना किसी सूचना या कारण बताए उनके नाम पात्रता सूची से हटा दिए गए। इतना ही नहीं, उनके द्वारा आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद 23 मार्च को पदोन्नति आदेश जारी कर दिया गया। प्रभावित शिक्षकों ने इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए कहा कि उन्हें न तो कोई नोटिस दिया गया और न ही स्पष्टीकरण का अवसर प्रदान किया गया। साथ ही वर्ष 2022 में पदोन्नति अस्वीकार करने को आधार बनाकर उन्हें अपात्र घोषित किया गया, जबकि नियमानुसार ऐसी स्थिति में अधिकतम एक वर्ष तक ही अपात्रता लागू होती है। शिक्षकों का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया वरिष्ठों को वंचित कर कनिष्ठों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है ताकी उनकी सेवा वरिष्ठता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। प्रभावित शिक्षक लीलाधर कौशिक, दिनेश्वर सिन्हा, धरमदास मातलाम, मनीषा जैन, आराधना सिंह, लीलावती नाग, अंजली मरकाम, पार्वती मरकाम, शशि ठाकुर, माल्यार्पण पाण्डे, दीपा गंगेश, अनसुईया मंडावी, हेमलता सिन्हा, सरोजनी एल्मा, हेमलता देवांगन, पदमा देवांगन, मनोज कुमार, तिलक राम, निलेश रॉय, संतलाल, सावित्री कुंजाम, उमा कुड़ियांम, चंद्रिका मंडावी, तरुणा जैन ने संयुक्त संचालक बस्तर संभाग एचआर सोम को 24 मार्च को कांकेर में ज्ञापन देकर मांग की है कि पदोन्नति आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए काउंसलिंग एवं पदस्थापना प्रक्रिया को स्थगित किया जाए व संशोधित पात्रता सूची का पुनर्विचार कर उनके नाम पुनः जोड़े जाएं।

# जावंगा में कैरियर अन्वेषण विद एआई हैकाथॉन 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित



जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ते हुए उनके करियर विकल्पों को व्यापक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में संचालित एआई डिजिटल शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर अन्वेषण विद एआई हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। यह हैकाथॉन 29 मार्च को एजुकेशन सिटी जावांगा स्थित बीपीओ कॉल सेंटर में आयोजित होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से करियर के विभिन्न आयामों से परिचित कराना, उनकी रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता एवं नवाचार सोच को विकसित करना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना है। वर्षभर संचालित एआई डिजिटल शिक्षा कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभागियों की इसमें भागीदारी सुनिश्चित की गई है। हैकाथॉन में जिले के विभिन्न पोटाकेबिन एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों से चयनित विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतिभागियों को विभिन्न विषय-आधारित समूहों में विभाजित कर एआई आधारित समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत एआई आधारित करियर अवसरों पर उन्मुखीकरण सत्र, विभिन्न विषयों पर समूह आधारित परियोजना कार्य, समस्या समाधान एवं नवाचार आधारित चुनौतियां, विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप तथा प्रतिभागियों द्वारा परियोजना प्रस्तुतीकरण आयोजित किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा, साथ ही वर्षभर इन बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले एआई फेसिलिटेटरों को भी सम्मानित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम कलेक्टर, दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा एआई आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु यह एक अभिनव प्रयास है, जिसके माध्यम से दूरस्थ एवं आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को डिजिटल एवं तकनीकी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें भविष्य के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक एवं सार्थक अनुभव सिद्ध होगा।

# महिला दिवस पर आयोजन से मिलेगा प्रतिभाओं को अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम अंतर्गत विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में 27 मार्च शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से विकासखण्ड स्तरीय महिला दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे एवं बीपीएम नंदिनी दीवान ने बताया है कि यह आयोजन जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के सामुदायिक भवन में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र की महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में विकासखण्ड अंतर्गत समस्त समूहों की महिलाएं, विभागीय महिला कर्मचारी, घरेलू महिलाएं तथा समूह से जुड़ी एवं गैर-जुड़ी महिलाएं भी भाग ले सकेंगी। आयोजन को आकर्षक और विविधतापूर्ण बनाने के लिए कई प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें व्यक्तिगत रंगोली, मेहंदी, पेंटिंग, रैंडम फोटोग्राफी, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक वेशभूषा में रैंप वॉक, गीत-संगीत, व्यंजन प्रदर्शनी, थीम आधारित सामूहिक प्रस्तुति एवं सामान्य खेल शामिल हैं। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां विभागीय योजनाओं, उपलब्धियों एवं नवाचारों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बीपीएम ने कहा है कि जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल द्वारा जारी इस सूचना में सभी संबंधित विभागों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक भागीदारी को बढ़ावा देने का उद्देश्य रखा गया है।

### एनीमिया से रोकथाम के लिए लगा शिविर

**गीदम।** एनीमिया बीमारी से रोकथाम के लिए एक दिवसीय स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से ग्राम पंचायत भटपाल के नेउरनार में एनीमिया निवारण विशेष स्वास्थ शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों में एनीमिया संबंधी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर और परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा टीम ने 168 मरीजों का निशुल्क उपचार और दवाइयां भी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 111 लोगों का पैथोलॉजी परीक्षण भी किया गया। जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार सुनिश्चित कर सके। इस शिविर में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के जिला समन्वयक मोहनीश कुमार यादव, डा निलेश, फार्मसिस्ट सविता भारती, स्वास्थ्य विभाग का भी इस शिविर में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### शहर में सजेगी भित्ति चित्र प्रदर्शनी आज

**जगदलपुर।** बस्तर की माटी की महक और यहां की प्राचीन लोक कलाओं को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ शुक्रवार को एक विशेष चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। जिला प्रशासन बस्तर के सौजन्य से आयोजित यह प्रदर्शनी बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर बादल आसना और संस्कार भारती बस्तर जिला इकाई के संयुक्त प्रयासों का प्रतिफल है।

# भाजपा के प्रशिक्षण महाअभियान से मिली कार्यकर्ताओं को ऊर्जा एवं वैचारिक संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला का प्रथम चरण दुर्गूकोंडल मंडल में सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यशाला में पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को वैचारिक, संगठनात्मक एवं राजनीतिक विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर की पूर्व विधायक सुमित्रा मर्सकोले उपस्थित रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग कल्लो ने किया। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, कार्यप्रणाली और संगठन विस्तार के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रथम दिवस का प्रशिक्षण कुल 6 सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें जिला महामंत्री जितेंद्र मरकाम, भूपेंद्र नाग, राजीव लोचन, राजा देवनानी, हीरा मरकाम एवं शंकर सरकार ने विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इन सत्रों में कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों, जनसंपर्क के तरीके, और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उपायों की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस का प्रशिक्षण 2 सत्रों में सम्पन्न हुआ, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश लाटिया एवं अंतागढ़ विधायक विक्रम देव उसेंडी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन के विस्तार, वैचारिक मजबूती और आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक विक्रम देव उसेंडी रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण महाअभियान कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पार्टी की रीढ़ उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम उन्हें और अधिक सक्षम बनाते हैं। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया, मंडल महामंत्री रामचंद्र कल्लो, शकुनतला नरेटी, सुमित्रा दुग्गा, संतो दुग्गा, सिरों कोमरे, बसंती यादव, पिंकी नरेटी, अनुपा नरेटी, रहना दुग्गा, कंगलू कुम्हार, महाविद्यालय अध्यक्ष विजय पटेल, अशोक जैन, देवेंद्र टेकाम, पिलम नरेटी, रघुनाथ मडावी, तुका पटेल, नागसाय तुलावी, धरम मंडावी, भगवान गावड़े, पुनारत दास, सरवन दुग्गा, अगन शोरी, मीडिया प्रभारी संजय उयके, मनोज बघेल, मनोज दुग्गा, सतीश जैन, इशू जनक अर्दे, नरेश कोमरा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विकास राजू नायक, सुदेश तोपा, दीपक पूड़ो, किशोर जैन, राहुल रॉय, बीरेंद्र जैन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

